# वार्षिक प्रतिवेदन

**तृतीय पारितोषिक सम्मान समारोह**

**सत्र : 2021-22**

**दिनांक :31 मार्च 2022**

## माननीय मुख्यातिथि
## श्री सुरेन्द्र शौरी जी

**विधायक, बंजार विधान सभा (हि०प्र०)**

## प्रस्तुति

**प्रो0 एन0 एस0 ठाकुर**

**प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सैन्ज**

**जिला कुल्लू (हि0 प्र0) 175134**

# वार्षिक प्रतिवेदन

## राजकीय महाविद्यालय सैंज, जिला कुल्लू

## सत्र 2021-2022

राजकीय महाविद्यालय सैंज के वार्षिक पारितोषिक सम्मान समारोह में माननीय मुख्य अतिथि श्री सुरेन्द्र शौरी विधायक,बंजार विधानसभा क्षेत्र, उपस्थित अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग एवं अभिभावक संघ के अध्यक्ष श्री जगत राम जी, कार्यकारिणी सदस्य, पत्रकार बन्धुओं एवं प्रिय विद्यार्थियों ! आज मैं राजकीय महाविद्यालय सैंज के तृतीय पारितोषिक सम्मान समारोह के गौरवमय अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से आपका हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन करता हूँ , ये हमारे लिए हर्ष का विषय है कि युवा, ऊर्जावान, सुशील व कर्मठ व्यक्तित्व के धनी माननीय विधायक श्री सुरेन्द्र शौरी जी, मुख्य अतिथि के रूप में हमारे बीच उपस्थित है |

देवभूमि जिला कुल्लू के इनर सराज की रमणीय, आकर्षक, दर्शनीय घाटियों में से सैंज घाटी का अपना विशेष स्थान है। जहां एक ओर विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के प्राकृतिक सौंदर्य से यह घाटी विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाती है, वहीं दूसरी ओर शांघड़, देउरी, भाटकण्डा, दरोगीसर जैसे पर्यटन स्थल पर्यटकों को स्वत : ही अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यह वही स्थान है जहाँ ठेवे गुर , रक्तिसर और यहाँ के देवी-देवता अपनी आस्थाओं, विश्वासों के माध्यम से लोकमन को व्याख्यायित करते हैं और जुजूराणा के अनूठे रंगों को देख मनुष्य प्रकृति के रहस्यों से चमत्कृत हुए बिना नहीं रह सकता । यहां पर निर्मित अनेक जल विद्युत परियोजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन से आम व्यक्ति का जीवन स्तर ऊँचा हुआ है तथा देश के अलग - अलग क्षेत्रों के लोगों और स्थानीय लोगों के आपसी रिश्तों से नई तरह की सांस्कृतिक पहचान ने इस क्षेत्र को लाभान्वित किया है। सैंज घाटी आज विकास की ओर अग्रसर है और इसी विकास की कड़ी में **26 मार्च 2016** को राजकीय महाविद्यालय सैंज की स्थापना हुई, जो इस घाटी का प्रथम उच्च शिक्षण संस्थान है। महाविद्यालय की स्थापना से इस घाटी के उन छात्र-छात्राओं को लाभ मिला है जो आर्थिक कारणों से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए घाटी से दूर नही जा सकते थे|अभी महाविद्यालय को आरंभ हुए **6** वर्ष का ही समय हुआ है और इस अल्प अवधि में ही महाविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है | इस महाविद्यालय से अब तक **163** विद्यार्थियों ने कला व वाणिज्य संकाय में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है| इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं |

मुझे आशा है कि देवता लक्ष्मीनारायण जी जिनके प्रांगण से महाविद्यालय की शुरुआत हुई है इनके और घाटी के सभी देवताओं के आशीर्वाद से यह महाविद्यालय प्रगति के पथ पर अग्रसर रहेगा और उच्च शिक्षा के नये आयाम स्थापित करेगा और साथ ही यहाँ के युवाओं को आगे बढ़ने का सुअवसर प्रदान करता रहेगा।

महोदय, महाविद्यालय की अब तक की विकास यात्रा में आपका सहयोग सदैव रहा है | हमें आशा है कि आगे भी रहेगा जिससे कि महाविद्यालय दिन दुगुनी रात चौगुनी उन्नति के पथ पर अग्रसर रहेगा |

वर्तमान में महाविद्यालय में कला और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं चल रही हैं |

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या **275** है। जिसमे लड़कों की संख्या 93 और लड़कियों की संख्या 182 है।

यह बड़े गर्व की बात है कि महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है।

**प्रो० एन. एस. ठाकुर**
**प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय सैंज**

**नामांकन** : वर्ष 2021–22 में विद्यार्थियों की संख्या का विस्तृत विवरण इस प्रकार है

| संकाय | सत्र | | | | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अन्य पिछडा वर्ग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2021–22 | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| कला | बी0 ए0 प्रथम वर्ष | 29 | 61 | 9 0 | 18 | 40 | 58 | 11 | 18 | 29 | 0 | 2 | 2 | 0 | 1 | 1 |
| वाणिज्य | बी0कॉम प्रथम वर्ष | 2 | 4 | 6 | 2 | 1 | 3 | 0 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | 31 | 65 | 96 | 20 | 41 | 61 | 11 | 21 | 32 | 0 | 2 | 2 | 0 | 1 | 0 |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |

| संकाय | सत्र | | | | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अन्य पिछडा वर्ग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2021–22 | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| कला | बी0 ए0 द्वितीय वर्ष | 24 | 46 | 70 | 18 | 31 | 49 | 5 | 14 | 19 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| वाणिज्य | बी0कॉम द्वितीय वर्ष | 4 | 4 | 8 | 4 | 4 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | 28 | 50 | 78 | 22 | 35 | 57 | 5 | 14 | 19 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संकाय | सत्र | | | | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अन्य पिछडा वर्ग | | |
| | 2021–22 | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल | छात्र | छात्राएं | कुल |
| कला | बी0 ए0 तृतीय वर्ष | 30 | 61 | 91 | 19 | 48 | 67 | 10 | 12 | 22 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 2 |
| वाणिज्य | बी0कॉम तृतीय वर्ष | 4 | 6 | 10 | 4 | 4 | 8 | 0 | 1 | 1 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| | कुल | 34 | 67 | 101 | 23 | 52 | 75 | 10 | 13 | 23 | 0 | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 |

## नियुक्तियां व रिक्तियां

महोदय सत्र 2020-21 तथा 2021-22 के दौरान महाविद्यालय में प्राचार्य शिक्षक वर्ग में 9 प्राध्यापक और गैर शिक्षक वर्ग में 7 कर्मचारी कार्यरत हैं जहां तक रिक्तियों का प्रश्न है उनमें एसिस्टेंट लाइब्रेरियन , कार्यालय वरिष्ठ सहायक, लिपिक तथा तबला वादक के पद रिक्त पड़े हैं।

**वार्षिक परीक्षा परिणाम**

एक शिक्षण संस्थान को अपनी पहचान बनाने के लि'सबसे महत्वपूर्ण पहलू उसका वार्षिक परिणाम होता है | ये बड़े हर्ष की बात है कि महाविद्यालय का परिणाम दोनों संकायों में शत प्रतिशत है

**विषयवार परिणाम तालिका :- प्रथम वर्ष**

| **विषय** | **कुल छा़त्र** 2020.21 | उत्तीर्ण **छा़त्र** 2020.21 | **महाविद्यालय** प्रतिशतता 2020.21 |
|---|---|---|---|
| हिन्दी | 23 | 23 | 100% |

| | | | |
|---|---|---|---|
| अग्रेजी | 3 | 3 | 100% |
| अर्थशास़्त्र | 03 | 03 | 100% |
| राजनीति विज्ञान | 30 | 30 | 100% |
| इतिहास | 17 | 17 | 100% |
| वाणिज्य | 07 | 07 | 100% |

**विषयवार परिणाम तालिका :- द्वितीय वर्ष**

| विषय | कुल छात्र | उत्तीर्ण छात्र | प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| अर्थशास़्त्र | 02 | 02 | 100% |
| अग्रेजी | 6 | 6 | 100% |
| हिन्दी | 22 | 22 | 100% |
| इतिहास | 29 | 29 | 100% |
| राजनीति विज्ञान | 30 | 30 | 100% |
| वाणिज्य | 12 | 12 | 100% |

**विषयवार परिणाम तालिका :- तृतीय वर्ष**

| विषय | कुल छात्र | उत्तीर्ण छात्र | प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| अर्थशास़्त्र | 3 | 3 | 100% |
| अग्रेजी | 4 | 4 | 100% |
| हिन्दी | 10 | 10 | 100% |
| राजनीति विज्ञान | 10 | 10 | 100% |
| वाणिज्य | 5 | 5 | 100% |
| इतिहास | 10 | 10 | 100% |

**छात्रवृतियां**

सत्र **2021-22** के अंतर्गत अलग अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्गों के विधार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व आई० आर० डी० पी० के छात्र व छात्राओं को छात्रवृति धनराशि डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम के तहत उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है। इसके तहत **26** विद्यार्थी (@ 10,000 per annum) नेशनल स्कालरशिप पोर्टल और **11** (@ 24,000 per annum) विद्यार्थी NHPC के अंतर्गत लाभ उठा रहे हैं।

**अभिभावक अध्यापक संघ**

अध्यापकों, छात्रों और अभिभावकों के बीच संवाद कायम रखने के उददेश्य से महाविद्यालय में पी0 टी0 ए0 का गठन किया जाता है। संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में सहयोग करता है बल्कि अपने बहुमूल्य सुझावों द्वारा एक शैक्षिक वातावरण का निर्माण भी करता है। सत्र 2021 – 22 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है।

| **पद** | | **नाम** |
|---|---|---|
| प्रधान | – | श्री जगत राम |
| उपप्रधान | – | श्री जीवन लाल |
| सचिव | – | प्रो0 भूपेन्द्र |
| सह सचिव | – | श्री लाल सिंह |
| कोषाध्यक्ष | – | श्री राजेश कुमार |
| सदस्य अध्यापक वर्ग | | प्रो० राजेश कुमार सिंह, प्रो० गोविंद राम सैनी, प्रो० अंजलि , डॉ.शशि शर्मा |
| मुख्य सलाहकार | | श्री राम कृष्ण |
| तकनीकी सलहकर | | श्री के० एस० राणा |

**सदस्य अभिभावक वर्ग:-** श्रीमती रुमा देवी, श्रीमती सीता देवी, श्री दीप चंद

**पुस्तकालय**

महाविद्यालय के पुस्तकालय में भिन्न भिन्न विषयों की अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं और महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले सभी विषयों से संबंधित (Reference Books) संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध हैं जिनका सदुपयोग प्राध्यापक वर्ग व विद्यार्थी दोनों मिकलर करते हैं | इसके साथ ही पुस्तकालय में योजना, कुरुक्षेत्र और प्रतियोगिता दर्पण आदि पत्रिकाएं उपलब्ध हैं और दैनिक समाचार पत्र नियमित रूप से आते हैं |

**सत्र 2021. 22 के दौरान महाविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है:-**

**विश्व पर्यावरण दिवस**

महाविद्यालय में 5 जून 2021 को ऑनलाइन गोष्ठी के माध्यम से विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के प्रध्यापकों व छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर नारा लेखन,पोस्टर मेंकिंग, कविता पाठ तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य नारायण सिहं ठाकुर ने मानव पर्यावरण संबंधों पर प्रकाश डालते हुए अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ0 शशि शर्मा ने पावर प्रेजेंटेशन के द्वारा 1972 में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत हुई प्रगति को दर्शाया।

**Psychosocial Support for Covid- Pandemic Conditions (Covid -19 -Helper Skill for student community)**

Mahatma Gandhi National Council of Rural Education Govt. of India के सहयोग से 17 जून 2021 को एक ऑनलाइन वॉर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें 75 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें कोविड -19 से उपजे अवसाद से उभरने के तरीके बताए गए तथा इस बात पर विशेष वल दिया गया कि विद्यार्थियों को आगे बढ़ कर कोरोना से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति हमदर्दी तथा संवेदना के साथ उनकी पूरी मदद करनी चाहिए |

**स्वच्छ हिमाचल स्वस्थ हिमाचल**

9 से 15 अगस्त 2021 को महाविद्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वच्छ हिमाचल, स्वस्थ हिमाचल को आधार बनाकर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई जिसमें स्वच्छ प्रहरी दिवस, स्वच्छ एंव पवित्र वातावरण दिवस, संकल्प से श्रमदान दिवस, व्यक्तिगत स्वच्छता दिवस जिन्हें नारा लेखन, भाषण, निबन्ध लेखन, पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से मनाया गया है । विशेषकर 14 अगस्त को एक आनलाइन बेब गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य प्रमुख रुप से राष्ट्रीय आन्दोलन की विरासत एंव प्रासंकगिकता पर बल देना था। ऑनलाइन कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता डॉ0 प्रवीण कुमार, प्रोफेसर शहीद भगत सिहं कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय से हमारे साथ जुड़े । 15 अगस्त 2021, को महाविद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और आज़ादी के पर्व को बड़े हर्षोल्लास के साथ मिठाइयां बाँट कर मनाया गया |

**नयें छात्रों से संवाद**

महाविद्यालय में नए विघार्थियों के स्वागत के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को महाविद्यालय के नए वातावरण से परिचित कराना था ताकि वे स्वयं को नए माहौल में ढाल सकें। इस अवसर पर छात्रों ने उपस्थित प्राध्यापकों के साथ विभिन्न विषयों पर संवाद किया |

## हिन्दी दिवस

14 सितंबर 2021 को राजकीय महाविद्यालय सैंज में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 एस0 ठाकुर थे । हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार को दर्शाने वाली अनेक प्रतियोगिताएं छात्रों द्वारा की गई छात्रों ने भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता के द्वारा हिंदी भाषा के प्रति अपने विचार प्रकट किए साथ ही सुलेख, वर्तनी शुद्धि आदि प्रतियोगिता में भी भाग लिया।

## आपदा प्रबंधन

महाविद्यालय की आपदा प्रबंधन इकाई द्वारा विद्यार्थियों की आपदा से बचने के लिए विभिन्न उपाय बताने हेतू एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।इस अवसर पर करतार सिंह (Fire leader) लारजी विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंनें सिलेंडर में आग लगने के कारणों तथा जरूरी सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की| आपदा प्रबंधन इकाई कई तरह कि गतिविधियां समय समय पर महाविद्यालय में आयोजित करता है जिससे कि विद्यार्थियों को किसी भी आपदा से निपटने में कुशलता प्राप्त हो सके |

## पोषण माह

राजकीय महाविद्यालय सैंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 1 से 30 सितंबर 2021 तक पोषण वाटिका, पोषण विषय पर सैंज अस्पताल के डॉक्टर द्वारा विशेष व्याख्यान, तीन दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला, महाविद्यालय परिसर की सफाई, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि मुख्य गतिविधियाँ की गई।

### गांधी जयंती

गांधी जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में एक ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय समाज व राजनीति में गांधी के प्रभाव व महत्व को दर्शाना था। कार्यक्रम में विद्यार्थिओं ने गांधी जी के जीवन व स्वतंत्रता संग्राम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार रखे तथा गांधी के विचारों को चित्रकला द्वारा भी प्रस्तुत किया। अंत में प्राचार्य महोदय ने गांधी दर्शन पर विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किए।

### स्वतंत्र भारत @75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भता

महाविद्यालय में एनएचपीसी सैंज द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 'स्वतंत्र भारत @75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भता' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में विद्यार्थिओं ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया तथा अपने कला कौशल द्वारा आजादी से अब तक भारत की आत्मनिर्भता को प्रस्तुत किया।

## मतदाता जागरूकता अभियान

महाविद्यालय में मतदान के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने हेतु चुनाव आयोग की ओर से आए प्रतिनिधि स्वीप नोडल ऑफिसर ने छात्रो को मतदान के महत्व के बारे में बताया तथा समझाया कि मतदान लोकतत्रं को सुचारू रूप से चलाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है इसलिए मतदान के अधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सभी को अपनी भूमिका का निर्वाह करना चााहिए।

## आजादी कि लड़ाई में स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान

महाविद्यालय में आजादी की लडाई में स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान विषय पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका उद्देश्य छात्रो में देशभक्ति की भावना को जगाना था । विद्यार्थियों ने इस निबंध लेखन द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के महत्व को बहुत ही आकर्षक शैली में प्रस्तुत किया साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि स्वतंत्रता उन्हीं सेनानियों की देन है।

## नशा जागरूकता अभियान

महाविद्यालय में ‘‘नशा सेवन कुप्रभाव अनेक समाधान एक’’ तथा ‘‘नशा मुक्त युवा प्रगतिशीिल समाज की नीव’’ विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे छात्रो ने बढ़.चढ़ कर भाग लिया तथा अपने निबंध के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि नशा एक धीमा जहर है यह एक सामजिक बुराई है जिसे रोकना व जड़ से खत्म करना अत्यंत आवश्यक है आज समाज में नशे के खिलाफ एक बड़े आंदोलन की जरूरत है।

## पूर्ण राज्यत्व का स्वर्ण जयंती वर्ष :-

महाविद्यालय में 22.11.2021 को पूर्ण राज्यत्व का स्वर्णं जयंती वर्ष के अंतर्गत स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उदेश्य 50 वर्षो में हिमाचल के विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास को कहानी के माध्यम से बताना था। छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिमाचल में शिक्षा, सड़क, कृषि, बागवानी, स्वास्थ्य, पर्यटन आदि क्षेत्रों में 50 वर्षों में हुए विकास व उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ‘‘थामे पग पग प्रगति की डोर चला हिमाचल शिखर की ओर’’ से लिखित लोगो महाविद्यालय की दीवारों पर चित्रित किया गया |

## संविधान दिवस

26 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस इस अवसर पर प्रो० रामानन्द ने संविधान की आधारभूत जानकारी प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने भी मौलिक अधिकार तथा कर्तव्यों पर अपने विचार रखे।राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक प्रो आर . के. सिंह ने विद्यार्थीयों के साथ चर्चा में भाग लिया तथा उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं व प्रश्नों का उत्तर दिया |

**अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस**

महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण, चित्रकला नारा लेखन आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से नारी की भूमिका तथा उसकी वर्तमान स्थिति को दर्शाया तथा इस अवसर पर प्राचार्य तथा अन्य प्रध्यापकों ने भी नारी के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान तथा नारी सशक्तीकरण पर अपने–अपने विचार रखे।

**वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता**

महाविद्यालय में 7–9 मार्च 2021 तक विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें बॉलीवाल, कबड्डी, क्रिकेट, Long Jump, High Jump, Shortput, Javellin Throw, Discus Throw, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, दौड़ आदि का आयोजन किया गया।

## महाविद्यालय में गठित विभिन्न क्लबों की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है :-

**रोड़ सेफ़्टी क्लब**

महाविद्यालय के विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे पुलिस चौकी सैंज से श्री तरूण ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रो को सड़क सुरक्षा से संबंधित सावधानियों तथा बचाव के उपाए बताए। विद्यार्थियों ने भी भाषण, चित्रकला, नारा लेखन प्रतियोगिताओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया इस दौरान सैंज बाज़ार में एक रैली निकाली गई तथा नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। प्रतियोगिता के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए|

**इको क्लब**

महाविद्यालय की इको क्लब इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया| इस कार्यक्रम का उद्वेश्य छात्रों के पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता तथा अन्य प्राणियों के प्रति संवदेनशीलता को बढ़ाना था। इस कार्यक्रम में चित्रकला ,भाषण, प्रश्नोतरी, कविता पाठ, रंगोली नारा लेखन भाषण प्रतियोगिता कराई गई। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों ने पर्यावरण के प्रति संवदेनशीलता व चिंता प्रकट की। प्रतियोगिता के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए|

**रेड रिबन क्लब**

10 सितम्बर 2021 को महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब के दो विद्यार्थियों ने क्षेत्रीय चिकित्सालय कुल्लू द्वारा आयोजित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

1 दिसंबर 2021 को विश्व एडस दिवस के अवसर पर एडस के प्रति जागरूकता हेतु ‘‘असमानताओं को समाप्त करें एडस खत्म करें’’ विषय पर भाषण प्रतियोगिता नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

13 दिसंबर 2021 को महाविद्यालय के दो विद्यार्थी मधुरेखा व गुरमीत बी० ए ० तृतीय वर्ष ने डॉ हीराभगती के नेतृत्व में गेयटी थियेटर शिमला में राज्य स्तरीय प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा इनका प्रदर्शन सराहनीय रहा।

17 फरबरी को **"Stop Aids : Keep the Promise"** विषय के अर्न्तगत नारा लेखन, रंगोली पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता के बाद प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार दिए गए|

## राष्ट्रीय सेवा योजना

Covid -19 महामारी के दौरान 50 स्वंयसेवियो ने मास्क बनाकर वितरित किए

21 जून 2020 को ऑनलाइन माध्यम से योग दिवस मनाया गया ।

14 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर स्वंयसेवियो ने ऑनलाइन माध्यम से भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया।

विश्व एड्स दिवस पर भाषण, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग आदि वभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

20 फरवरी 2021 को स्वंयसेवियो ने महाविद्यालय सैंज व मेला ग्रांउड के आस पास सफाई की।

Lockdown के दौरान 6 स्वंयसेवियो द्वारा 30 दिन तक पुलिस के साथ विभिन्न गतिविधियो में भाग लिया । इन स्वंयसेवियों के जिला स्तर पर उपायुक्त महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया।

10 से 12 सितम्बर 2021 को राजकीय महाविद्यालय सैंज नें तीन दिवसीय ऑनलाइन योग शिविर का आयोजन किया जिसमे योगाचार्य भुवनेश्वर जी ने योग का प्रशिक्षण प्रदान किया तथा बताया कि खान पान को ठीक कर हम स्वयं ही अपने स्वास्थ को ठीक रख सकते हैं|

17 से 21 जून, 2021 को राजकीय महाविद्यालय सैंज, पनारसा, आनी, गाड़ागुसैन व शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास हिमाचल प्रदेश के सयुंक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय ऑनलाइन योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

9 से 15 अगस्त स्वच्छ हिमाचल ,स्वस्थ हिमाचल के दौरान साफ सफाई की गतिविधियां आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत की गयी |

15 से 21 अगस्त 2021 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की एनएसएस व रोवर्स रेंजर्स इकाई के स्वयंसेवियों ने मझाण के प्रभावित परिवारों के लि'सैंज बाज़ार से 20,300/- रुपए की सहायता राशि एकत्रित की जिसे **23** दिसंबर 2021को ड्राफ्ट के माध्यम से उपायुक्त कुल्लू को प्रभावितों की सहायता हेतु सौंपा गया।

## रोवर्स एंड रेंजर्स

कोविड-19 महामारी के दौरान कठिन परिस्थितियों में रोवर्स और रेंजर्स ने जागरुकता कार्यक्रम और स्वच्छता अभियान चलाया तथा उन्होंने घर पर मास्क बनाए व लोगों को वितरित किए|

राजकीय महाविद्यालय सैंज के सभी रोवर्स और रेंजर्स ने भारत स्काउट एंड गाइड के नेशनल हेडक्वाटर नई दिल्ली द्वारा **21 अप्रैल 2020** से **28 अप्रैल 2020** तक संचालित ऑनलाइन शुरूआती कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें रोवर्ज लीडर के साथ 2 रोवर्ज ने कोर्स पूरा होने पर प्रमाण पत्र अर्जित किया।

सभी रोवर्स और रेंजर्स ने **29 अप्रैल 2021 से 1 मई 2021** तक समुदाय से जुड़े विवाद के तहत राजकीय महाविद्यालय सीमा द्वारा आयोजित आपदा प्रबंधन पर 3 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया

**प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ :-**

अध्यापन के लिए बहुत आवश्यक है की समय समय पर शिक्षक भी नई शिक्षा पद्धति से अवगत रहें ताकि पाठ्यक्रम के अलावा कुछ नई बातों को वे अपने अध्यापन में शामिल कर सकें।

प्रो० राजेश कुमार सिंह ने वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय बैव गोष्ठी में "लैगिंक अस्मिता भाषा व नई तकनीकी शब्दावली चुनौतियाँ व संभावनाएं" विषय पर 28 जुलाई 2020 को आमंत्रित व्याख्यान दिया।

**राजकीय** महाविद्यालय जोधपुर में भारत के **संविधान** के 70 वर्ष पूरे करने के अवसर पर दस दिवसीय राष्ट्रीय **वेबिनार** श्रृंख्ला के अंतर्गत 30 नबम्वर 2020 को मूल **अधिकार विषय** पर आमंत्रित **व्याख्यान** दिया।

हि0 प्र0 विशविद्यालय के विजुअल आटर्स विभाग द्वारा एक सप्ताह के "Online Workshop on Research Methodology" को सफलता पूर्वक पूरा किया |

सितंबर 2021 में हि0 प्र0 सरकार द्वारा आयोजित **विभागीय परीक्षा** उत्तीर्ण की।

प्रो० भूपेंद्र शर्मा ने हि0प्र0 विश्वविद्यालय शिमला से Refresher Course दिनांक 17–8–2020 से 29–08–2020 तक किया।

15.मार्च 2021 से 21.मार्च.2021 तक राजकीय शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला से एक सप्ताह के Teacher Training Programme में भाग लिया।

**प्रो० अंजलि ने** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला द्वारा आयोजित 31 अगस्त से 13 सितंबर दो सप्ताह के Refresher course में भाग लिया।

शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला द्वारा आयोजित 15 **मार्च** 2021 **से** 20 **मार्च** 2021 **तक** एक सप्ताह के Capacity Building Programme में भाग लिया ।

7–2–2022 **से** 19–2–2022 **तक** H.P.U Shimla द्वारा आयोजित Refresher course में भाग लिया।

**डॉ. शशि शर्मा ने** पंडित मदन मोहनमालविय राष्ट्रीय **मिशन** शिक्षक और प्रशिक्षण के तत्वाधान में रामानुज महाविद्यालय **से** 8 **से** 14 जून 2021 तक अनुसंधान विश्लेषण के लिए ऑनलाइन उपकरणों पर एक सप्ताह के **संकाय** विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन शिक्षा और प्रशिक्षण के तत्वाधान में रामानुज महाविद्यालय से 20 **जुलाई** 2021 **से** 3 **अगस्त** 2021 तक रिफरेश्र कोर्स में भाग लिया।

**राजकीय** महाविद्यालय हरिपुर द्वारा आयोजित अन्तराष्ट्रीय सम्मेलन 18–20 नबंम्वर 2021 में लाहौल **स्पीति** जिले के फसल **विविधीकरण** और जलवायु कि स्थिति पर शोध **पत्र** प्रस्तुत किया।

**राजकीय** महाविद्यालय निहरी मंडी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय ई सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पीति जिले के आदिवासी क्षेत्रों में **पारिस्थितिकी पर्यटन और इसके विकास** में शोध **पत्र** प्रस्तुत किया।

24 जनवरी 2022 को वणिज्य हिंदु कॉलेज मुरादावाद और मातृभूमि सेवा संकल्प फाउॅडेशन के सहयोग से महात्मा गांधी राष्ट्रीय **ग्रामीण** परिषद द्वारा आयोजित **ग्रामीण उद्यमिता** विकास पर कार्यशाला में भाग लिया।

केन्द्रिय विश्वविद्यालय धर्मशाला द्वारा आयोजित कार्यशाला में “**असमान** वेतन : लिग भेदभाव” पर राष्ट्रीय **वेबिनार में भाग** लिया।

प्रो० रामानंद ठाकुर ने राजकीय महाविद्यालय सीमा द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में “Environment Pollution and its Impact upon Social Life” पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया |

कलकता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सामाजिक विज्ञान के लिए विश्लेषणात्मक अनुसंधान तकनीकी पर एक सप्ताह के संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

12 से 25 अप्रैल, 2021 में भारत सकाउट एंड गाइड एराष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा संचालित सात दिनों के ऑनलाइन शुरुआती पाठयकम को सफलता पूर्वक पूर्ण किया।

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा रोहड़ू द्वारा आयोजित आपदा प्रबंधन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला मे भाग लिया।

21 अगस्त 2021–13 सितम्बर 2021 तक चार सप्ताह का उन्मुखीकरण कार्यक्रम को सफलता पूर्वक पूर्ण किया।

21 दिसंबर 2021 में भारत स्काउट एंड गाइड राज्य स्तरीय शुरुआती पाठयक्रम में भाग लिया।

डॉ. हीराभगती ने जी. वी. मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर द्वारा 29 मई 2021 को आयोजित ‘‘अनुसंधान में तकनीको के अनुप्रयोग’’ पर वेबिनार में भाग लिया।

28 जून 2021 को M.S.C.M राजकीय महाविद्यालय थुरल, कांगड़ा द्वारा आयोजित वणिज्य पर आधारित रोजगार में उच्च शिक्षा की अनुकूलता पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में भाग लिया।

एक दिवसीय भारत स्काउट एंड गाइड का स्टेट लेवल Beginners Course किया।

हिमाचल प्रदेश के आदिवासी क्षत्रों में फसल पैटर्न और सामाजिक आर्थिक विकास नामक एक पुस्तक प्रकाशित की।

30 दिसंबर 2021 को रेड रिबन क्लब के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नोडल अधिकारी के रूप में शिमला में भाग लिया।

# धन्यवाद ज्ञापन

मैं समस्त महाविद्यालय परिवार प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग, अध्यापक - अभिभावक संघ और समस्त छात्र . छात्राओं की ओर से माननीय मुख्य अतिथि महोदय का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने व्यस्तताओं के वावजूद हमारे इस वार्षिकोत्सव "त्रिवेणी - 2022" में पधार कर हम सभी को अनुगृहित किया ।

मैं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंज के प्रधानाचार्य तथा प्राथमिक पाठशाला सैंज के मुख्यध्यापक तथा अन्य अध्यापकों का भी धन्यवाद करना चाहूँगा जिनके परिसर में हमारा महाविद्यालय चल रहा है|

मैं कारदार श्री जगरनाथ जी का भी धन्यवाद करना चाहूँगा जिन्होंने हमें मेला भवन में कक्षा संचालन के लिए कमरे दिए है |में यहाँ पर उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का भी धन्यवाद करता हूँ जो समय समय पर महाविद्यालय कि विभिन्न गतिविधिओं को समाचार पत्रों में उचित स्थान देते हैं

अध्यापक-अभिभावक सघं के प्रधान व समस्त कार्यकारिणी का भी मैं धन्यवाद करता हूं जिन्होंने महाविद्यालय के विकास कार्य में अपना सहयोग दिया । मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र व छात्राओं को बधाई देता हूं जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है । मै उन विद्यार्थियों को भी बधाई देता हूं जो इस वर्ष किसी कारण पुरस्कार प्राप्त करने में चूक गए हैं और उनसे अपेक्षा करता हूं कि वे अगले वर्ष पुरस्कार जरुर प्राप्त करेंगे। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूँ जिन्होंने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस समारोह को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया है |

**वार्षिक पत्रिका** – महाविद्यालय में विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रतिभा को निखारने हेतु वार्षिक पत्रिका “तपोधरा ” का प्रकाशन किया जाता है | महाविद्यालय की शैक्षिकणिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों में सृजनात्मकता के विकास में महाविद्यालय की पत्रिका की अहम भूमिका रहती है जिसमे वे अपनी कविताओं व लेखों के माध्यम से अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हैं |